हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–123 : जौनपुर, शुक्रवार 01 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

7 जुलाई को काशी में सवा चार घंटे रहेंगे पीएम मोदी : जनता से करेंगे संवाद

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशीवासियों को सौगात देने के लिए सात जुलाई को वाराणसी आएंगे। करीब चार महीने बाद अपने संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे पीएम मोदी 18 सौ करोड़ रुपये की 45 परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। सवा चार घंटे के प्रवास के बाद पीएम यहां से हैदराबाद रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बृहस्पतिवार को पीएमओ के अधिकारियों ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। पीएम सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में नई शिक्षा नीति पर देशभर के शिक्षाविदों को संबोधित करेंगे। सिगरा स्टेडियम में पीएम मोदी की जनसभा इसके बाद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान पीएम 1220 करोड़ रुपये की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और 591 करोड़ रुपये की 32 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा पीएम कुछ लोगों से मुलाकात भी करेंगे। खिलाड़ियों को पीएम मोदी देंगे बड़ी सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात जुलाई को दोपहर में करीब दो बजे वाराणसी पहुंचेंगे और शाम सवा छह बजे रवाना हो जाएंगे। बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय की टीम वाराणसी पहुंची और सात जुलाई के कार्यक्रम पर अंतिम मुहर लगाई। उधर, प्रशासन ने लोकार्पण और शिलान्यास वाली परियोजनाओं का ब्यौरा तैयार पीएमओ को भेज दिया है। इसके साथ ही मिनट टू मिनट कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें सात जुलाई को दोपहर

में पीएम मोदी बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकाप्टर से वे पुलिस लाइन आएंगे और यहां से सबसे पहले अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज परिसर में बने अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन करेंगे। यहां से सड़क मार्ग से ही वे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में आयोजित शिक्षाविदों (देशभर के कुलपति, आईआईटी निदेशक) सहित अन्य विशिष्ट लोगों के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यहां पीएम करीब एक घंटे 10 मिनट तक रुकेंगे। इसके बाद सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्टेडियम में तकरीबन एक घंटे दस मिनट का कार्यक्रम होगा। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे। खेल की प्रमुख हस्तियां भी होंगी कार्यक्रम में शामिल सिगरा स्टेडियम के अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के शिलान्यास के दौरान पीएम मोदी के कार्यक्रम में खेल से जुड़ी कई हस्तियां भी शामिल होंगी। इस दौरान पीएम देशभर के खिलाड़ियों के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकते हैं। पीएम के कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए खिलाड़ियों की सूची तैयार की जा रही है।

ब्लाक प्रमुख ने अमृत सरोवर का किया भूमि पूजन

आर एल पाण्डेय गोंडा : स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी ग्राम पंचायतों के एक एक सरोवरों को अमृत सरोवर योजना के तहत संतृप्त किया जाना है।शुक्रवार को विकास खंड इटियाथोक के ग्राम पंचायत पारासराय के गैंजलवा सरोवर के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने फावड़ा चलाकर किया।इससे पूर्व सरोवर का विधि विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ।ब्लाक प्रमुख ने कहा कि अमृत सरोवर की मनरेगा से खुदाई,पौधरोपण व राज्य वित्त से अन्य निर्माण व सौन्दर्यीकरण किये जायेंगे।इस दौरान बीडीओ रूपनारायण भारती,एपीओ राजेश सोनी,ग्राम प्रधान अशोक वर्मा सचिव शमीम अहमद,नरेंद्र सिंह,कुलदीप वर्मा व श्रवण वर्मा सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शिक्षा के क्षेत्र में जनपद वासियों को मिली बहुत बड़ी उपलब्धि : नये केंद्रीय विद्यालय की होगी स्थापना

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माननीय मत्री गिरीश चंद्र यादव के अथक प्रयास द्वारा जनपद वासियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के रूप में मिलने जा रही हैं। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा 23 दिसंबर 2020 को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को पत्र के माध्यम से नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी थी जिसके अनुपालन में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 9 जून 2022 को एक पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई कि ग्राम प्रयागपुर पोस्ट सिद्धीकपुर जनपद जौनपुर में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया है तथा इस प्रस्ताव के साध्य प्रस्तावो की सूची में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ यह भी सूचित किया गया कि उपरोक्त प्रस्ताव को अन्य प्रस्ताव के साथ प्चुनौती विधि समितिष के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसके निर्णयानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी ने क्षेत्र के विकास का जो संकल्प लिया था वह अब साकार होता दिख रहा है । इसी क्रम में ज्ञात हो अपनी दूरदर्शिता के चलते पिछले 4 वर्षों से जौनपुर में केंद्रीय विद्यालय के लिए प्रयासरत श्री गिरीश चंद यादव जी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद से जनपद को केंद्रीय विद्यालय हेतु स्थान की सहमति प्राप्त हो गई है इस संबंध में राज्यमंत्री ने कई बार केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार को जौनपुर जिले

की शिक्षा के क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए एक केंद्रीय विद्यालय की संस्तुति हेतु पत्र लिखा था परंतु स्थान के चयन में कुछ न कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से अब तक यह संभव नहीं हुआ था कई स्थानों को देखने के बाद और नगर के 8 किलोमीटर की परिधि में ही केंद्रीय विद्यालय की मान्यता की बाध्यता को देखते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के नाम से अंकित भूमि में से 5 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय के नाम हस्तान्तरितध एन. ओ. सी. दिए जाने का अनुरोध किया था। जिसके अनुपालन में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नए केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धीकपुर जौनपुर की अतिरिक्त भूमि में से 2.024 हे0 (5 एकड़) रिक्त भूमि हस्तान्तरित किए जाने हेतु अनापत्ति प्रदान की जाती है। इसी क्रम राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय श्री धर्मेंद्र प्रधान जी से मिलकर उपरोक्त भूमि पर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित को आदेशित करने की मांग की है केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने अतिशीध्र केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु कार्यवाही का निर्देश दिया । केंद्रीय विद्यालय की स्थापना जनपद जौनपुर की मूलभूत आवश्यकता है जनपद में बड़ी आबादी एवं शिक्षा के क्षेत्र में जौनपुर का अलग स्थान होने की वजह से यह विद्यालय अपने जनपद के लिए भविष्य में वरदान साबित होगा तथा क्षेत्र के अभिभावकों को छात्रों की अच्छी शिक्षा हेतु दूर–दराज भटकना नहीं होगा।

15 लाख की चोरी की घटना से परिजनों सहित गाँव में हड़कंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मिशन प्रेरणा फेज–2 में निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में टास्क फोर्स के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टास्क फोर्स की पहली बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी बच्चे का प्रवेश कक्षा–1 में सीधे न किया जाए, उसे आंगनबाड़ी और प्री–प्राइमरी स्कूल में होने के बाद ही बच्चे का कक्षा–1 में प्रवेश किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत वर्ष 2025–26 तक बाल वाटिका से कक्षा–3 के शत–प्रतिशत बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि शासनादेश के अनुसार बाल वाटिका में 5 से 6 वर्ष की आयु के बच्चो में अक्षरों और संगत ध्वनियों को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। कक्षा–1 में अर्थ के साथ पढ़ने की क्षमता होनी चाहिए और कक्षा–2 में अर्थ के साथ पढ़ने एवं 45 से 60 शब्द प्रति मिनट प्रवाह के साथ पढ़ने की क्षमता विकसित की जाएगी। कक्षा–3 में अर्थ के साथ पढ़ लेने एवं न्यूनतम 60 शब्द प्रति मिनट प्रवाह के साथ पढ़ने की क्षमता विकसित की जाएगी। इस प्रकार की क्षमता विकसित हो जाने पर पूरा प्रदेश निपुण प्रदेश के रूप में जाना जाएगा। जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य सचिवध्बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने बताया कि जनपद के सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी की

स्थापना की जा रही है और विद्यालयों की कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, पोस्टर और कैलेंडर लगाए गए है, जिससे कि बच्चों की भाषा एवं गणितीय क्षमता में वृद्धि की जा सके। उन्होंने टास्क फोर्स के सदस्यध अधिकारियों से अनुरोध किया कि शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाए जाने के संबंध में अपने सुझाव दें। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन अप्रैल 2022 से जनपद के सभी विद्यालयों में लागू कर दिया गया है। 16 जून से स्कूल खुलने के पश्चात एक सप्ताह तक सभी बच्चों को रिवीजन कराया गया है। सप्ताहवार इसके कार्यक्रम जारी कर दिए गए हैं, जिसका अनुपालन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इसका अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया। जनपद स्तरीय टास्क फोर्स में मुख्य विकास अधिकारीध्उपाध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, डाइट के प्राचार्य, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य को सदस्य नामित किया गया है। बैठक में टास्क फोर्स के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 रामप्रकाश, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी गण उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू महासंघ ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर गहलोत सरकार बर्खास्त करने की उठाई मांग

आर एल पाण्डेय गोण्डा। विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मंडल प्रभारी अजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में उदयपुर की घटना में मृतक कन्हैया लाल के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने व राजस्थान की गहलोत सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए ऋषि मुंजहा बाबा आश्रम ट्रस्ट के सचिव समाजसेवी विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि राजस्थान में उदयपुर के व्यापारी कन्हैया लाल की हत्या से प्रदेश की जनता में घोर आक्रोश है। यह घटना तालिबानी मानसिकता का परिचायक और सामाजिक सौहार्द के लिए कलंक है। उन्होंने कौड़िया बाजार में एक युवक द्वारा उदयपुर की तालिबानी घटना का समर्थन करने के लिए प्रशासन से दोषी के खिलाफ अविलम्ब कार्यवाही करने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति को

संबोधित ज्ञापन में उदयपुर की घटना में शामिल रहे सभी दोषियों को अविलंब दंडित किए जाने के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त व्यवस्था और राजस्थान में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली गहलौत सरकार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल प्रभारी अजय कुमार शुक्ला, समाजसेवी विजय कुमार मिश्र, अवधेश श्रीवास्तव, राजा बाबू पांडेय, रमेश चंद गुप्ता, अमित शुक्ला, अंकित, प्रदीप यादव, अभिषेक व अभिनंदन ओझा आदि शामिल रहे।

मुख्य रोकड़िया सत्यव्रत निगम हुए सेवानिवृत्त : साथियों ने आयोजित किया विदाई समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकारी सेवा करना हर वर्ग हर युवा की पहली प्राथमिकता में शुमार है ।देश की आजादी से लेकर आज तक लोग हैं सरकारी सेवा को ही वरीयता देते हैं। लोग इस दौरान विभिन्न सरकार द्वारा संचालित है विभागों में काम करते हुए अपने सेवाकाल का बेहतर ढंग से निर्वहन करने की इच्छा रखते हुए काम करते हैं। तो वही सेवा कॉल पूर्ण होने के बाद एक ऐसा समय आता है जब आदमी खुद को भावुकता से रोक नहीं पाता है। जिस ऑफिस में बैठकर अपने तमाम मित्रों शुभचिंतकों के साथ एक लंबा समय गुजारा हो उस आफिस से विदाई बहुत कठिन होती है।लेकिन ये एक सतत चलने वाली प्रकिया है।उक्त बाते जिला कोषागार से गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए उप रोकड़िया सत्यव्रत निगम जी ने अपने साथियों व वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा आयोजित अपने बिदाई समारोह के दौरन कही। इस अवसर पर सहायक कोषाधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि निगम जी ने लगभग 41 साल 4 महीने की सेवा जिला कोषागार कार्यालय में दिया। इस दौरान उन्होंने तमाम उतार–चढ़ाव भी देखे लेकिन अपने धैर्य का परिचय देते हुए सादगी और शालीनता पूर्वक अपनी नौकरी की सेवा पूरा किया। साथ ही सभी कर्मियों से उनका व्यवहार काफी उत्तम रहा है।ये हमेशा सहयोगी प्रवित्त के रहे सभी को यह सहयोग करते हैं हम लोग इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। वही इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधि

कारी सुनील कुमार ने उन्हें अपनी बधाई देते हुए कहा कि समय–समय पर ऑफिस आते रहे और लोगों का मार्गदर्शन करते रहें जब भी आवश्यकता हो उन्हें ऑफिस बुलाकर उनसे बेहतर जानकारी सभी लोग ले और उनके तजुर्बे का फायदा उठाएं। इससे पूर्व ऑफिस के सभी साथियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया साथ ही उन्हें भेंट स्वरूप गीता रामायण उपनिषद की पुस्तकें स्मृति चिन्ह खड़ी छाता आदि भेंट किया गया। वही मुख्य रोकडिया योगेंद्र कुमार सुरेश सिंह व कोषागार के अध्यक्ष दयाराम गुप्ता द्वारा अंगवस्त्रम देकर भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार तिवारी सहायक कोषाधिकारी योगेंद्र कुमार मुख्य रोकड़िया सुरेश सिंह यादव उप रोकड़िया रमेश चंद सरोज उप रोकड़िया पवन कुमार उप रोकड़िया, वरिष्ठ पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक वकील साहब गुरुजी मो आजाद खान , मो इस्लाम व अन्य लोग उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलाया जा रहा वन महोत्सव कार्यक्रम

जौनपुर सू.वि. : वन महोत्सव कार्यक्रम 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलाया जा रहा है, जिसमें जनपद में लगभग 53 लाख पौध लगाए जाने का लक्ष्य है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा आवास जिलाधिकारी पर महोगनी का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत

की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पौध ही जीवन है। बारिश के मौसम में हम सभी को पौधरोपण करना चाहिए। पौध बारिश कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। औद्योगिक विकास के कारण वृक्षों का कटान तेजी से हो रहा है जिसके लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण को लेकर लोगों को बृहद रूप से जागरूक किया जाए। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पौधरोपण समय की मांग है। पौधरोपण के इस अभियान में आम जनमानस को भी जोड़ा जाए, जिससे पौधों की देखभाल सुनिश्चित हो और पर्यावरण समृद्ध हो।

प्रदेश स्तर पर किया गया आनलाइन रोजगार संगम का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 सरकार द्वारा विगत वर्षो की भॉति आनलाइन रोजगार संगम लोक भवन सभागार, लखनऊ से मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 की अध्यक्षता में आयोजन पूरे प्रदेश स्तर पर किया गया, जिसमे लगभग कुल 1.90 लाख हस्तशिल्पियां, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को लगभग रू. 16000.00 करोड का ऋण वितरण एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022–23 की रू. 2.35 लाख करोड की वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ प्रदेश स्तर पर

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा गुरुवार को किया गया।डिजिटल इण्डिया योजना के अन्तर्गत भारत में गुजरात के बाद उ0प्र0 के कानपुर में अमेजन डिजिटल सेन्टर का उद्घाटन किया गया, जिससे लघु एवं मध्यम उद्यमियों को कारोबार में अत्यधिक लाभ होगा। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत कुल 25 सी0एफ0सी0 सेन्टर में से 05 सी0एफ0सी सेन्टर का उद्घाटन किया गया, जिससे एक जनपद एक उत्पाद के उद्यमियों को कच्चा माल प्राप्त करने में, पैकेजिंग एवं राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को उचित दर पर निर्यात करने में मदद मिलेगी। जनपद स्तर पर आन–लाइन रोजगार संगम कार्यक्रम जिलाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में एन0आई0सी0, कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत राम अकबाल, अमदहा, परियावॉ को मशीनरी पार्ट्स बेयरिंग हेतु रू. 10.00 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में दीपक कुमार सिंह, जगन्नाथपट्टी को वाटर प्लान्ट हेतु रू. 10.00 लाख, एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत सलाम, पुरानी बाजार बदलापुर को ऊनी दरी ब्यवसाय हेतु रू. 10.00 लाख तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत रेखा देवी एवं गौरव कुमार मिश्र को रू. 5.69 लाख का चेकध्स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, अग्रणी जिला प्रबन्धक के प्रतिनिधि अरूण कुमार पाल, अपर सांख्यिकीय अधिकारी मो0 रजा, सहायक प्रबन्धक जय प्रकाश, राजेश कुमार राही उपस्थित रहें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जन्म सभी का सामान्य होता है लेकिन अच्छे कर्मों से मौत को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

आजादी : संघर्ष की एक और अनकही दास्तां

गयाप्रसाद जी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें पंजाब की जेलों में रखने के बाद महावीर सिंह के साथ बेलारी सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहां सत्याग्रहियों के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध साथ देने के लिए उन्हें कड़ी सजा मिली। जनवरी, 1933 में वह अंडमान भेज दिए गए, जहां उन्होंने 1937 की प्रसिद्ध भूख हड़ताल में हिस्सा लिया।

कानपुर से जगदीशपुर गांव का वह सफर हमने बस और खड़खड़े पर बैठकर पूरा किया। शहीद भगत सिंह के साथी डॉ. गयाप्रसाद की इस बस्ती तक पहुंचने का मार्ग हमें हर पल रोमांच से भर देता रहा। उनके घर के दरवाजे पर नीम का दरख्त और पीछे चौपालनुमा कुछ हिस्सा। डॉक्टर साहब से भेंट हुई, तो कल्पना के रंगों से उनका मिलान मुश्किल था। ठिगनी और सामान्य–सी कद–काठी। धोती और बनियान लापरवाही से पहने हुए, लेकिन आंखें चश्मे से दूर तक झांक रही थीं।

हम कल्पना भी नहीं कर पा रहे थे कि इसी शख्स ने भगत सिंह के साथ एक समय क्रांति के लंबे डग भरते हुए सुदूर अंडमान की लंबी सजा काटी। उन्होंने डॉक्टरी का पेशा जब शुरू किया, तब वह शादीशुदा थे। क्रांतिकारी दल में शामिल होने के बाद घर आकर पत्नी से कहा कि तुम अपने माथे का सिंदूर पोंछ डालो और मेरे सिर पर हाथ रखकर देश के लिए विदा करो। सुनकर पत्नी रोने–धोने लगीं। आखिर उन कठिन क्षणों में वह आजादी के संघर्ष में हिस्सेदारी करने के लिए निकल पड़े।

'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ' के सदस्य के नाते उनकी सबसे बड़ी उपयोगिता यह थी कि बाहर डॉ. बीएस निगम के नाम से डॉक्टर की दुकान होती और भीतर क्रांतिकारियों के केंद्र में बम बनाने का कारखाना। वह आर्य समाज और गांधी के सत्याग्रह से भी जुड़े, लेकिन चौरी–चौरा की घटना के बाद वहां से उनका मन उचट गया और वह मजदूर सभा में आए। हरिहरनाथ शास्त्री और गणेशशंकर विद्यार्थी से उनकी भेंट हुई।

वह मुनेश्वर अवस्थी से भी मिले, जो उन दिनों गोरखपुर से स्वदेश का संपादन करने के साथ ही क्रांतिकारी दल से संबद्ध थे। क्रांति के मार्ग पर चलते हुए उनकी मुलाकात विजयकुमार सिन्हा, शिव वर्मा, सुरेंद्र पांडेय, जयदेव कपूर, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद से हुई, जो समाजवाद के प्रति गहरे तक समर्पित थे। आजाद से वह पहली बार झांसी में मिले। जाजमऊ के पास होने वाली बैठक के लिए उन्हें आजाद को झांसी लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

क्रांतिकारी भगवानदास माहौर से भी वहीं के एक पुस्तकालय में आमना–सामना हो गया। दल के नेता योगेश चंद्र चटर्जी को जेल से छुड़घने की कोशिशों में वह एक बार पुलिस के हाथों में आने से बाल–बाल बचे। बाद में वह फीरोजपुर जाकर छिपे तौर पर डॉक्टरी की प्रैक्टिस करने लगे। वहां उनके साथ दल का सदस्य जयगोपाल भी था, जो बाद में मुखबिर बना। भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त द्वारा दिल्ली की केंद्रीय असेंबली में बम फेंके जाने से पहले आगरा क्रांतिकारियों का केंद्र बन गया था।

वहां हींग की मंडी में बम बनाने का कारखाना स्थापित किया गया। भगत सिंह के बुलावे पर बंगाल से यतींद्रनाथ दास ने आकर बम बनाने की कला सिखाई। आगरा में गयाप्रसाद को यह काम सौंपा गया कि वह सहारनपुर जाकर किराये पर मकान लेकर इस तरह रहें कि किसी को शक न हो। बाहर होम्योपैथिक दवाखाना और भीतर पार्टी का काम। बाद में लाहौर षड्यंत्र मामले में इसी केंद्र पर जयदेव कपूर, शिव वर्मा और डॉक्टर साहब गिरफ्तार कर लिए गए।

लाहौर में सुखदेव पहले ही पकड़े जा चुके थे। लाहौर मुकदमे में अभियोग पक्ष एक भी ऐसा सबूत पेश नहीं कर सका कि गयाप्रसाद किसी सशस्त्र कार्रवाई में लिप्त थे। पर वह जिस दल के सदस्य थे, उसने हुकूमत के खिलाफ युद्ध का एलान किया था और वह एक बम फैक्टरी के भीतर गिरफ्तार हुए थे। उन्हें सजा दिलाने के लिए यह पर्याप्त था। जेल में क्रांतिकारियों की तीन श्रेणियां थीं। पहली पंक्ति उनकी थी, जिनका केस वकीलों को लड़ना था।

इसमें देशराज, प्रेमदत्त, मास्टर आज्ञाराम, अजय घोष और पं. किशोरीलाल थे। दूसरी श्रेणी शत्रु की अदालत को मान्यता न देने वालों की थी, जिसमें डॉ. गयाप्रसाद, महावीर सिंह, बटुकेश्वर दत्त, कुंदनलाल और जितेंद्रलाल सान्याल, तथा तीसरी श्रेणी में अपना केस खुद लड़ने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, शिव वर्मा, जयदेव कपूर, विजय कुमार सिन्हा, कमलनाथ तिवारी और सुरेंद्र पांडेय को रखा गया। गयाप्रसाद राजनीतिक वाद–विवाद में सम्मिलित होते रहे और मार खाने वाले साथियों की सूची में उनका नाम सबसे ऊपर होता था।

गयाप्रसाद जी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें पंजाब की जेलों में रखने के बाद महावीर सिंह के साथ बेलारी सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहां सत्याग्रहियों के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध साथ देने के लिए उन्हें कड़ी सजा मिली। जनवरी, 1933 में वह अंडमान भेज दिए गए, जहां उन्होंने 1937 की प्रसिद्ध भूख हड़ताल में हिस्सा लिया। बीमार होने पर उन्हें बलरामपुर और सुल्तानपुर की जेलों में लाया गया।

उनकी रिहाई 21 फरवरी, 1946 को हुई। आजादी मिलने पर भी उन्होंने चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह के समाजवादी सपने को पूरा करने के संघर्ष को विस्मृत नहीं किया। मुझे याद है कि पहली मुलाकात में ही उन्होंने मुझसे कहा था, 'हम गुलामी को सिर्फ भारत से ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया से मिटा देना चाहते थे। हम तत्कालीन व्यवस्था को सिर्फ इसलिए खत्म करना चाहते थे क्योंकि उसका आधार हिंसा थी।'

इसके बाद डॉक्टर साहब हरदोई के एक जलसे में मिले, जहां चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करने कैप्टन डॉ. लक्ष्मी सहगल आई थीं। तब उनके दोनों पैरों में सूजन थी। फिर कानपुर के एक विवाह समारोह में उनसे भेंट हुई। 10 फरवरी, 1993 को उनके निधन का समाचार मिला, तो उनके घर में बिताए पल आंखों के सामने जीवंत हो उठे। वह सही अर्थों में सदाबहार क्रांतिकारी थे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

शिव सत्संग मंडल के संस्थापक कृष्ण कन्हैया का जयंती उत्सव 02 जुलाई को मनाया जायेगा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के संस्थापक कृष्ण कन्हैया एवं शिव सत्संग मण्डल आश्रम के संस्थापक संत श्रीपाल जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर शिवोत्सव 02 जुलाई को ग्राम हुसेनापुर धौकल (मियांपुर) में सायं 08 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि इस शिवोत्सव में संत भक्त एवं श्रद्धालु आमंत्रित किए गए हैं।इस धार्मिक आयोजन में मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक, लखनऊ अध्यक्ष राजेश पांडेय,प्रचार प्रमुख महावीर सिंह,स्वामी शांतानंद, नन्हें लाल,रविलाल,रामौतार, व्यवस्था प्रमुखः यमुना प्रसाद,प्रचारक शिक्षक प्रेम भाई,श्रीकृष्ण,रवि वर्मा,मीरा देवी,सुदामा देवी सहित अनेक भजनोपदेशकों का प्रवचन होगा। इससे पूर्व दोपहर में सिद्धनाथ बाबा मंदिर पर शिव अर्चना एवं कन्याओं और

श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस सम्पूर्ण धार्मोत्सव में सात्विक प्रवृत्ति के धर्मानुरागी आमंत्रित हैं।

उदयपुर की घटना को लेकर इसमें शामिल आरोपी की अयोध्या जिले में बजरंग दल ने पुतला जलाकर फांसी की मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)देश के राजस्थान प्रदेश के उदयपुर की घटना को लेकर जगह जगह लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।इसी कड़ी में अयोध्या जिले में भी कन्हैया लाल की इस्लामिक कट्टरवादीयो द्वारा की गई नृशंस हत्या के विरोध में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे देश में जिला मुख्यालयों पर इस्लामिक आतंकवाद और कट्टरवाद का पुतला दहन किया गया।इस संदर्भ में अयोध्या महानगर में बजरंग दल द्वारा हत्यारों को तुरंत फांसी की मांग के साथ इस्लामिक कट्टरवाद वह आतंकवाद के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन गांधी पार्क सिविल लाइंस में किया गया।वही पुतला दहन के द्वारा बजरंग दल ने यह संदेश दिया कि यदि हत्या के वीडियो बनाकर हिंदू समाज को डराने की कोशिश की जाएगी तो कट्टरवादी है जान ले हिंदू समाज डरने वाला नहीं है।इस कार्यक्रम में बजरंग दल संयोजक लाल योगेश

राजवीर अनमोल जिलाध्यक्ष कौशिक प्रमाणिक विभाग मंत्री धीरेश्वर विजय सिंह बंटी अखिलेश,विवेक शुक्ला,सुजय,शिवकुमार,सुनीता, महंत राम जी मिश्रा,अभिषेक सिंह,रितेष चौधरी,प्रमोद सोनू सिंह,निरंकार मौर्य के अलावा कई बजरंग दल विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी गयी : संजय कुमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शासन व जिलाधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में आज नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के नालंदा शिक्षण संस्थान में रेस अगेंस्ट सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के अंतर्गत अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार की उपस्थिति में नालंदा शिक्षण संस्थान के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं एवं पालिका कर्मचारियों को एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान चलाते हुए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया व एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जन–जागरूकता हेतु प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी ने समस्त नगरवासियों से अपील की है सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे और अपने आस पास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करें, क्योंकि बिना सभी के सहयोग से इस अभियान को सफल नही बनाया जा सकता है। इसके साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम पी जायसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, सफाई निरीक्षक दीपक कुमार, राजस्व निरीक्षक अनस खां आदि सहित पालिका कर्मियों के साथ नगर पालिका परिषद के कार्यालय से स्टेट बैंक,बड़ी बाजार तक रैली निकाली। और सभी नगरवासियों से इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की है। नालंदा शिक्षण संस्थान में मनु कुमार शुक्ला,मंदाकिनी राठौर,शाहिद अली, प्रिंसी रस्तोगी, रिदा,अलका,ललित समस्त विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

कर्णधार सम्मान से सम्मानित किये गये केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : मोहनलालगंज से सांसद तथा भारत सरकार में राज्य मंत्री कौशल किशोर को लोकप्रिय, सहज , सर्वसुलभ , संवेदनशील व जन समर्पण के माप दण्ड पर रामराज स्थापना महामंच ,भारत हिन्दू राष्ट्र आन्दोलन,भगवा रक्षा वाहिनी, मिशन ह्यूमन राइट्स ऐन्ड एन्टीकरेप्शन, नारी रक्षा दल , भारतीय संगठित पार्टी, जे सी लान ट्रस्ट, भ्रष्टाचार मुक्ति आन्दोलन, अ. भा.समग्र विचार मंच ,मुस्लिम कारसेवक मंच, भारत रक्षा दल, सूफी सन्त सेवा समिति, बजरंगबली सामाजिक सेवा समिति ,राष्ट्र रक्षा वाहिनी ,विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान द्वारा कर्णधार सम्मान से चयनित कर आज उन्हीं के आवास पर वीरेन्द्र मिश्र की अगुवाई में रामनामी अंगवस्त्र, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विशेष रूप से मोहनलालगंज विधायिका श्रीमती जया देवी कौशल , वीरेन्द्र मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष रामराज स्थापना महामंच एवं राष्ट्रीय संयोजक भारत हिन्दू राष्ट्र आन्दोलन वीरेन्द्र मिश्र , प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय समग्र विचार

मंच व अध्यक्ष बजरंगबली सामाजिक सेवा समिति सीतापुर शैलेन्द्र मिश्र , मृत्युंजय प्रताप सिंह वरिष्ठ पत्रकार एवं भ्रष्टाचार मुक्ति आन्दोलन के सचिव , अजय मिश्रा भगवाधारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्र रक्षा वाहिनी एवं केन्द्रीय मंत्री रामराज स्थापना महामंच,सत्य पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष भारतीय संगठित पार्टी, स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र शर्मा,शरद शुक्ला राष्ट्रीय प्रभारी विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के आफाक अहमद वरिष्ठ पत्रकार संजय सक्सेना पत्रकार विकास श्रीवास्तव, रामवीर , दिग्विजय सिंह एडवोकेट, तथा भारत हिन्दू राष्ट्र आन्दोलन के ओम धवन व नमामि शंकर त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

नाबालिक किशोरी ने न्यायालय में दुष्कर्म का लगाया आरोप : पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा । पुलिस ने पहले छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर एक युवक को जेल भेज दिया।वहीं पीड़िता किशोरी ने न्यायालय में 164 के बयान में एक अन्य युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा दिया।न्यायालय में हुये बयान के बाद अब पुलिस ने एक अन्य युवक पर दुष्कर्म की धारा में बढ़ोतरी कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया।मामला स्थानीय नगर पंचायत स्थित एक मोहल्ले का है।चार दिन पूर्व एक किशोरी के साथ पड़ोस के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ की गई थी।पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर छेड़छाड़ व पास्को एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया था।पुलिस ने पीड़ित किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत कर धारा 164 के तहत बयान कराया। जिसमें पीड़िता ने पड़ोस के ही एक अन्य युवक पर बलात्कार करने का आरोप लगाया।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय में पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जहां पर उसके साथ बलात्कार किये जाने की पुष्टि हुई। उपनिरीक्षक चंद्रभूषण पांडे ने बताया कि पूर्व में दर्ज किऐ गए प्राथमिकी में बलात्कार की धारा 376 तरमीम कर आरोपी युवक संजय गुप्ता को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है।जिसे न्यायालय के लिए रवाना किया गया।वहीं पीड़िता के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी युवक मोहित कुमार कश्यप को बुधवार को ही पुलिस ने जेल भेज दिया था।

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी स्पेशल कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गांव में तिलक समारोह में शामिल होने गयी नाबालिग बालिका के साथ जबरिया दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त के खिलाफ जुर्म साबित होने पर विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)ध अपर जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक यादव ने अभियुक्त को उम्रकैद एवं एक लाख पचपन हजार रुपया जुर्माना अदा करने की सजा दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक मनीष श्रीवास्तव के अनुसार थाना पिहानी क्षेत्र के निवासी छोटक्के पर 12 जून 2019 की रात 8 बजे तिलक समारोह में शामिल होने आयी एक सात वर्षीय बालिका के साथ जबरिया दुष्कर्म करने का आरोप था। घटना के पूर्व पीड़िता गांव के ही एक तिलक समारोह में शामिल होने गयी थी। उसी दौरान वहां खाना बनाने आये अभियुक्त ने उसके साथ गलत नियत से छेड़छाड़ की यह बात उसने घर वापस आकर बताया। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाने पर अभियुक्त के खिलाफ नामजद दर्ज कराई थी। विद्वान न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से पेश की गई दलीलों एवं सबूतों के अलावा पत्रावली पर उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ जुर्म साबित पाते हुये उसे विभिन्न धाराओं में उम्रकैद एवं एक लाख पचपन हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा दी है। न्यायाधीश ने अभियुक्त द्वारा जुर्माना की धनराशि अदा करने पर उसमें से आधी धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति भुगतान करने का भी फरमान जारी किया है।

डेढ़ माह में भी बोलेरो चोरी घटना का पर्दाफाश नहीं कर सकी बीकापुर पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर कोतवाली से मात्र 2 किलोमीटर दूर पिपरी चौराहे पर स्थित कपड़ा व्यवसाई के दुकान के सामने खड़ी बोलेरो चोरी घटना के डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद भी बीकापुर पुलिस घटना का कोई पर्दाफाश नहीं कर सकती है। धीरे–धीरे अब चोरी की बड़ी घटना का मामला बीकापुर कोतवाली पुलिस के ठंडे बस्ते में चला गया है। उधर घटना का खुलासा और चोरों की पकड़ धड़ न हो पाने के चलते पीड़ित वाहन स्वामी का पुलिसिया कार्यवाही से विश्वास उठ गया है। बताते चलें कि 17 मई मंगलवार रात बोलोरो गाड़ी संख्या यू पी–42 ए जे–7392 गाड़ी दुकान के सामने से डेढ़ माह पहले चोरी हुई थी। घटना के डेढ़ महीने बीतने को हैं परन्तु अभी तक बीकापुर कोतवाली पुलिस चोरी की इस बड़ी घटना में शामिल चोरों का अता पता नहीं लगा सकी है। पीड़ित संजय वर्मा पुत्र राम प्रसाद वर्मा ने बताया कि बीते 17–18 मई की रात में रेडीमेड कपड़े की दुकान के बाहर खड़ी मेरी बोलेरो नंबर यू पी–42 ।श्र–7392 अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। इस बात की रिपोर्ट बीकापुर कोतवाली में 21 मई को दर्ज की गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की, परंतु बोलोरो चोरी हुए 45 बीत जाने के बावजूद भी पुलिस वाहन का काई भी पता नहीं लगा पाई है।इस मामले की परिजनों ने अभी तक उक्त चोरी के संबंध में किसी भी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई न होने की शिकायत पुलिस महानिदेशक लखनऊ, डीआईजी व एसपी अयोध्या से भी शिकायत की है। उधर शिकायतकर्ता का आरोप है कि हम लोग स्थानीय पुलिस को चोरी के संबंध में कुछ सुराग भी बताए किंतु उस दिशा में भी अभी तक पुलिस ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। जिससे स्थानीय पुलिस की उदासीनता परिलक्षित होती है। फिलहाल चोरी की बड़ी घटना का खुलासा ना होने के चलते बीकापुर पुलिस की कार्यशैली पर अब सवालिया निशान लगने लगे हैं। क्षेत्रवासी लोगों का पुलिस से विश्वास उठने लगा है। इस प्रकार से कोतवाली क्षेत्र से बोलेरो जैसे बड़े कीमती वाहन के चोरी होने के मामले में भी बीकापुर पुलिस पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है। काश बीकापुर पुलिस चेते होती तो डेढ़ माह के अंदर घटना का पर्दाफाश जरूर कर देती। लेकिन मामले के विवेचकों को ऐसी घटनाओं में अब सबसे आसान तरीका फाइनल रिपोर्ट लगा दियां जाना ही समझ में आता है। और विवेचक घटना की तह तक जाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं जिनके कृत्यों के चलते पीड़ित थाने से लेकर पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों की चौखट पर एड़ियां रगड़ने को मजबूर है।

जिले के थाना पूराकलंदर क्षेत्र में स्थित एक स्कूल में पिलर टूटने से कक्षा एक के छात्र की दर्दनाक मौत : दो घायल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के थाना पूराकलंदर क्षेत्र में स्थित एक स्कूल में पिलर सहित झूला टूटकर गिरने से उस पर झूल रहे कक्षा एक में पढ़ रहे चार साल के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। वही इस दर्दनाक हादसे में दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका इलाज चिकित्सालय में चल रहा है।सूत्र के मुताबिक शुक्रवार को सुबह हुई इस घटना में 2 अन्य छात्र घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद मृतक छात्र के परिजनों में स्कूल के प्रबंध तंत्र के ऊपर नाराजगी भी दिखाई दे रही है।दोनो घायल छात्रों का अस्पताल में इजाल चल रहा है। सूत्र के मुताबिक यह हादसा जिले के थाना पूराकलंदर क्षेत्र के जहीरगंज स्थित आर एन शिक्षण संस्थान का है।सूत्रों के मुताबिक झूला पुराना व मानक विहीन था।मृतक अमर वर्मा पुत्र विजय कुमार वर्मा कक्षा एक का छात्र थास स्कूल में लंच की छुट्टी होने पर छात्र झूला झूल रहे थेस इस दौरान झूले का पिलर टूटकर अमर के ऊपर गिर गया।

हाईवे पर ट्रेलर ने ई–रिक्शा को मारी टक्कर : पांच की मौत : तीन ट्रॉमा सेंटर रेफर

सुल्तानपुर ब्यूरो : अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर ओदरा के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर ने ई– रिक्शा को टक्कर मार दी। दुघर्टना में आठ लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम रवीश गुप्ता और एसपी सोमेन बर्मा अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नेकराही निवासी राम सुरेश (50), फूलकली (55) पत्नी राम नेवाज, रघुवीर (55), राजेंद्र (45), निर्मला (53) पत्नी रघुवीर, अमरावती (45) पत्नी राजेंद्र शुक्रवार को ई–रिक्शा में बैठकर गोसाईगंज थाने के हयातनगर गांव में एक रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने जा रहे थे।ई–रिक्शा हरीश (35) निवासी कमनगढ़ चला रहा था। ई–रिक्शा पर ही अनुराधा (52) पत्नी सुमित निवासी विनोबापुरी भी बैठी थी। ई–रिक्शा ओदरा गांव के पास पहुंचा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने

ई–रिक्शा को टक्कर मार दी। सभी आठ घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने राम सुमेर, फूलकली, रघुवीर, राजेंद्र और निर्मला को मृत घोषित कर दिया। अमरावती, हरीश और अनुराधा की हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचे एसपी सोमेन बर्मा व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता।

नौ दिनों की यात्रा पर निकले शाहाबाद से शिव भक्त जन अमरनाथ बाबा बर्फानी के लिए जत्था रवाना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मोहल्ला दिलेरगंज,शाहाबाद से अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यात्रियों का स्वागत माला पहनाकर किया गया मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, जिला अध्यक्ष कीर्ति सिंह ने सभी अमरनाथ यात्रियों को रोली बंधान व माला पहनाकर बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा मंगलमय व सुखमय हो शुभकामनाओं के साथ आझीं स्टेशन तक पहुंचाया। यात्रियों के स्वागत में तमाम भक्त मौजूद रहे जिला सह सहयोजक बजरंग दल पवन रस्तोगी साध्वी कमलेश देवी विवेक सिंह हिमांशु गुप्ता रितेश गुप्ता शिव कुमार रस्तोगी आकाश कश्यप कपिल गुप्ता ,रजनीश गुप्ता, सौरव गुप्ता निवासी ककर घटा, हिमांशु सिंह ,शिवा राठौर अनुज सिंह सतीश सिंह मनोज राजेश गौतम, योगेन्द्र गुप्ता श्याम जी गुप्ता सोनपाल सुनील गुप्ता राम जी वर्मा टिल्लू गुप्ता, राजू वर्मा आदि भोले भक्त मौजूद रहे।इन सभी भक्तो की

नौ दिनों के बाद वापसी होगी।ये सभी हरिद्वार ,वैष्णो देवी , बाबा बर्फानी के साथ कई तीर्थ स्थलों के दर्शन कर अपने घरों में वापसी होगी। शाहाबाद वासी इन सभी भक्तो की यात्रा मंगल मय हो यही कामना करते हुए इनको रवाना किया गया।

संचारी रोग नियंत्रण माह अभियान का हुआ शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संचारी रोग नियंत्रण माह के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाला अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को जॉइंट सेक्रेटरी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह द्वारा संचारी रोग अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी गांवों में प्रचार वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। वहीं इस मामले पर जानकारी देते हुए हैं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष जुलाई माह में संचारी रोग अभियान के रोकथाम के लिए इस तरह का अभियान चलाया जाता है उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पानी एकत्रित होने से मच्छर उत्पन्न होते हैं जिससे तमाम तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं, जैसे टाइफाइड ,मलेरिया,डेंगू चिकनगुनिया इंसेफलाइटिस आदि बीमारियां गंदगी के कारण उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जाता है और लोगों से ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई करने की अपील किया जाता है। साथ ही नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा मच्छरों को मारने के लिए फागिंग भी कराई जाती है। सभी विभागों के लोगों से आग्रह किया गया है कि वह अपने आसपास सफाई का ध्यान रखें। 15 जुलाई के बाद से घर–घर दस्तक देकर इससे लोगों को छुटकारा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। डेंगू बुखार मच्छरों की वजह से फैलता है। जहाँ पानी इकट्ठा होता है वहां डेंगू मच्छर पनपते हैं। इस मौसम में पानी इकट्ठा नहीं रखना चाहिए साथ ही साफ सफाई की विशेष ख्याल रखना चाहिए। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2022 में

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण प्रदेश के सभी जनपदों में अप्रैल 2022 में संचालित किया जा चुका है। इस अभियान के द्वितीय चरण की गतिविधियों का पुनः विस्तृत कार्य योजना बनाकर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस बार फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में घूम कर जो सूची बनाएंगे। उसके अनुसार बुखार के रोगियों की सूची आई एल आई, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची एवं क्षेत्र से ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के अन्दर मच्छरों का प्रजनन पाया जा रहा है। इन सभी का रिपोर्ट बनाकर ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, एएनएम द्वारा मातृ समूहों की बैठक, पानी को क्लोरीन टैबलेट के माध्यम से साफ करने का प्रदर्शन, हाथ धोने का प्रदर्शन, खुले में शौच से मुक्ति, गंदगी व कूड़े के ढेर की सफाई तथा कूड़े का उचित निस्तारण के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरूकता के कार्यक्रम किये जायेंगे। ग्राम प्रधानों द्वारा इन कार्यक्रमों में पंचायत समितियों के पदाधिकारियों सहित प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा के समय छात्र छात्राओं को साफ–सफाई का महत्व, मच्छरों से बचने के उपाय, हर रविवार–मच्छर पर वार आदि विषयों की जानकारी दी जायेगी। संचारी रोगों का उपचार करने से ज्यादा जरूरी है कि संचारी रोगों की रोकथाम करते हुये उनसे बचाव किया जाये। समाज में संचारी रोगों के सम्बन्ध में पर्याप्त जानकारी तथा क्या करें–क्या न करें का प्रचार–प्रसार कर संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जा सकता।

सीएमओ के आदेश पर महराजगंज की आठ महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियो के कार्यक्षेत्र मे हुआ फेरबदल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में लम्बे समय से एक ही जगह ड्यूटी कर रहीं आठ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्तियो के कार्य क्षेत्र में सीएमओ के आदेश पर बदलाव किया।जिसमे उमरीकला उपकेन्द्र पर वर्षो से तैनात एनम कमला सरोज को अब उपकेन्द्र बगौझर की जिम्मेदारी मिली है बगौझर उपकेन्द्र की एनम नीलम सिह को हटाकर उन्हे उमरी कला के लिए भेजा गया,बाहरपुर उपकेन्द्र की चिन्ता पाण्डेय को राजाबाजार,सीड़ की एनम को बाहरपुर उपकेद्र की जिम्मेदारी सौपी गयी इसी तरह राजेपुर मे तैनात माया यादव को सीड़ उपकेन्द्र पर और राजाबाजार की प्रज्ञा मिश्रा को राजेपुर का उपकेन्द्र मिला है,आनापुर की प्रियंका राय को उपकेन्द्र प्रथम महराजगंज की जिम्मेदारी मिली वही दूसरी तरफ नीलम पाल को महराजगंज से हटाकर आनापुर उपकेन्द्र के लिये भेज दिया गया है।उक्त सम्बंध की जानकारी सीएचसी अधीक्षक महराजगंज डा० ओंकारनाथ भारती द्वारा दिया गया।

अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मरगूपुर गांव में बुधवार की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है! चोर नकदी समेत पन्द्रह लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिये थे । गांव निवासी सुनील कुमार सिंह उर्फ रिंकू के घर में चोर छत के सहारे अंदर घुसकर फ्रीज में रखी चाबी निकाल लिया ! चाबी हाथ लगते ही कमरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखा गया 90 हजार रुपया नगद, दो हार, दो झुमका , दो कड़ा, आठ चूड़ी , ब्रेसलेट ,दो चेन, तथा सोने की छ अंगूठी उठा ले गए। पीड़ित सुनील सिंह की तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है! इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है!

युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ें

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन प्रशिक्षण प्रदाता को इस वित्तीय वर्ष में प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है और 1 से 2 महीने बीत जाने के बाद अभी तक प्रशिक्षण आरंभ नहीं किया गया है, उन प्रशिक्षण प्रदाता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये, उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष और इस वित्तीय वर्ष में जो प्रशिक्षण हुई थी प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान किया जाना है अतः सभी प्रशिक्षण प्रदाता इस को प्राथमिकता प्रदान करें और प्रत्येक माह की 15 तारीख को अपने प्रशिक्षण केन्द्रों पर रोजगार मेला का आयोजन करे।जिला सेवायोजना अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक डिवाइस लगाया गया है जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मानक के अनुसार उपस्थिति दर्ज कराएं, यदि किसी भी प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा इस कार्य में गड़बड़ी की जाती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। एन.आर.एल.एम के अंतर्गत समूह की 1000 महिलाओं को गारमेंट मेकिंग और ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाए जिससे वह अपने गांव में आजीविका पा सके और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा सके।

जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह ने कहा कि विगत वर्ष में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके संस्थाओं से अपने बच्चों के सत्यापन हेतु अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जिससे कौशल विकास मिशन द्वारा उनके देयकों का भुगतान किया जा सके, अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में इन बैचों को असत्यापित करके भेज दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिमेदारी ट्रेनिंग पार्टनर की होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा एवं जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, एमआईएस मैनेजर, कौशल विकास मिशन मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मनाया गया जन्मदिन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव नेतृत्व में बडे धुमधाम से मनाया गया वहीं लालबहादुर यादव ने कहा की आज ऐसे जन नेता का जन्मदिन है जिससे देश की जनता को बहुत

उम्मीदें हैं आज नौजवान बेरोजगार किसान इस बात को जान रहा है कि हमलोगों के ऊपर हो रहे अत्याचार पर कोई हमलोगों के लिए कोई संघर्ष करता है और करेगा तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इसलिए आज हम लोग उनके जन्मदिन को संघर्ष दिवस के रुप में मनाया जायेगा और संकल्प लिजिए जनता पर जिस तरह भाजपा सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अत्याचार किया जा रहा है हम समाजवादी लोग उसका डट कर मुकाबला करेंगे जनता के हक अधिकार की लडाई मे जो भी कुरबानी हम समाजवादीयों देना होगा हम पिछे नहीं हटेंगे उसके उपरांत सदर अस्पताल व वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से विधायक जगदीश नरायन राय,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,राजेश यादव, दीपचंद राम पूनम मौर्या गप्पू मौर्या, रुक्सार अहमद, मेवालाल गौतम, भानु प्रताप मौर्या, गुड्डू सोनकर, राकेश यादव,इर्शाद मंशुरी अजय मौर्या, आशा राम यादव धर्मेंद्र डां जंगबहादुर सोनकर,अनील यादव मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

नारायणा कोचिंग का उद्घघाटन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नारायणा कोचिंग क्लासेज का उद्घघाटन डॉ. दिलीप सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि संतोष सिंह वत्स अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ कीर्ति सिंह के कर कमलों द्वारा

सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि नारायणा कोचिंग सुविधाओं से भरपूर है यह कोचिंग बच्चों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस कोचिंग संस्थान के सभी अति कुशल शिक्षकगण बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हैं ताकि बच्चे यहाँ से उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और जिले के साथ–साथ भारत में भी अपना नाम रोशन करें। इस मौके पर के.पी. सिंह जी, ऐश्वर्या सिन्हा चित्रांश, अंजू पाठक जी, कैप्टन एस. पी. सिंह, शिवशंकर साहनी, गणतंत्र श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, राजेश वेस्टीज, नीरज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता मंजू शुक्ला, संतोष सिंह आदि लोग मौजूद रहे। कोचिंग के डायरेक्टर पंकज सिन्हा व संयोजिका शैली गगन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

10 से 13 जुलाई तक होगा महायज्ञ एवं संगीतमय कथा का चार दिवसीय आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय कथा का चार दिवसीय आयोजन 10जुलाई से 13जुलाई तक कार्यक्रम स्थल चौरा माता मंदिर सुभाष पुर पाली मड़ियाहूं पर संपन्न होगा।इसके लिए गुरुवार को भूमि पूजन का कार्य गांव के सैकड़ों भाई बहनों ने पीत वस्त्रों में एक कुंडी गायत्री यज्ञ करके भूमि पूजन का कार्य संपन्न किया।यज्ञ आचार्य पंडित रमाशंकर द्विवेदी शांतिकुंज ,प्रतिनिधि द्वारा वेद मंत्रों से भूमि पूजन का कार्य संपन्न कराया गया।यज्ञ सात पारियों में हुआ यज्ञ में उपस्थित परिजनों ने बढ़ती हुई गर्मी पर्यावरण संतुलित बनाने के लिए एक एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया यज्ञ में जिला संयोजक शिव गोविंद यादव ने कहा कि यज्ञ के लिए 24 गांव में कार्यकर्ता घर घर जाकर पत्रक फूल अक्षत देने का अभियान चलाकर इस कार्य को गति दें जौनपुर जिले के सक्रिय कार्यकर्ता इस सुभाषपुर गायत्री महायज्ञ में अपना समय दान अवश्य देने की कृपा करें।कार्यक्रम संयोजक पंडित ब्रह्म देव मिश्र ने आए हुए सभी गायत्री परिजनों का अभिनंदन किया और धन्यवाद दिया ।

संचारी रोग अभियान के तहत जागरूकता अभियान का हुआ आगाज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देश पर एक जुलाई शुक्रवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में अधीक्षक डॉ ओमकार भारती व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरुणाभा पांडेय के नेतृत्व में अस्पताल के समस्त स्टाफ आशा एनएम व स्कूली बच्चों द्वारा स्लोगन लगे बोर्ड को लेकर अस्पताल से मेन रोड तक रैली निकाल कर जागरूक किया गया साथ ही जलभराव, स्वच्छता आदि के प्रति जागरूक किया गया।अधीक्षक ने कहा कि संचारी रोग अभियान का मुख्य उद्देश्य संक्रामक बीमारियों और डेंगू बुखार से होने वाली बीमारियों के बचाव साथ ही कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करना है।जिसमे सभी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर घर जाकर जागरूक किया जाएगा जिसमे ग्राम प्रधान भी सहयोग करें।मौके पर डॉ कृष्ण कांत निगम, डॉ बृजेश सिंह, डॉ महेश अशोक कौशल, ग्राम प्रधान पति यादवेंद्र प्रताप उर्फ लवकुश सिंह,सूरज सहित स्टाफ नर्स फार्मासिस्ट सहित स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

कुंदरकी में नवदंपती ने खाया जहर : पति की मौत : पिता के उत्पीड़न से थे परेशान

मुरादाबाद ब्यूरो : मुरादाबाद के कुंदरकी थाना इलाके के इमरतपुर फखरुद्दीन गांव में पति–पत्नी ने जहर खा लिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। इलाज के दौरान पति की मौत हो गई, जबकि गंभीर हालत में पत्नी को इलाज के लिए मुरादाबाद को ले जाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, कुंदरकी थाना इलाके के ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन निवासी कल्लू शाह के बेटे नाजिम (18) की छह माह पहले क्षेत्र के ही ग्राम ताहरपुर से शादी हुई थी। तीन दिन पहले पिता ने नाजिम को किसी बात को लेकर डांट दिया। इसके बाद वह अपनी पत्नी मंतशा को साथ लेकर घर से निकल गया था। बताते हैं कि बुधवार को पति–पत्नी घर लौट आए। बृहस्पतिवार सुबह फिर से परिवार में गृह–कलह के चलते पति–पत्नी ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद ही दानों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन–फानन दोनों को डींगरपुर गांव के निजी अस्पताल में दिखाया तो हालत में सुधार नहीं हुआ। कुछ देर बाद ही नाजिम ने दम तोड़ दिया जबकि पत्नी मंतशा को गंभीर हालत में इलाज के लिए पहले जटपुरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसको मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। बृहस्पतिवार की शाम मृतक नाजिम की मां मनीसा बेगम ने पुलिस को सूचना देकर बुला लिया और अपने पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि नाजिम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फॉरेंसिक टीम ने फुटेज लेकर जानकारी जुटाई थाना क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन में पति–पत्नी के जहर खाने की घटना से पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पवन कुमार ने गांव पहुंच कर छानबीन की और मृतक की मां से

पूछताछ कर जानकारी ली। वैज्ञानिक सबूत जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। नाजिम की मौत पर मां–बहन हुईं बेहाल जहरीला पदार्थ खाने से जान गंवाने वाले नाजिम के शव पर उसकी मां मनीसा बेगम और इकलौती बहन मुस्कान रोते बिलखते बेहाल थीं। मृतक अपने पिता के साथ बकरी चराने का काम करता था। उसकी मात्र छह माह पहले धूमधाम से शादी हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नाजिम व्यवहार कुशल और होनहार था लेकिन गृह कलह के चलते उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं मृतक की पत्नी मंतशा की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। दंपती के आत्मघाती कदम उठाने की हुई पहली घटना थाना क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर फखरुददीन में पति–पत्नी द्वारा एक साथ आत्मघाती कदम उठाने की घटना पहली बार सामने आई है जिसमें पति ने जान गंवा दी जबकि उसकी पत्नी मौत और जिंदगी के बीच संघर्ष कर रही है। ग्रामीण इस घटना को लेकर सकते में हैं और दबी जुबान में तरह–तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। चर्चा है कि उत्पीड़न से परेशान होकर दंपती आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हुआ। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है ताकि वास्तविकता सामने आ सके। थानाध्यक्ष पवन कुमार का कहना है कि जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ अक्षत वर्मा ने देखा ग्राम पंचायत के विकास का सच

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : जनपद सीतापुर के विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत रिखौना में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने विकास का सच देखा। प्राथमिक विद्यालय ,रिखौना – द्वितीय के समीप वन महोत्सव योजना के अंतर्गत, वृक्षारोपण हेतु गड्ढे खोदे गए। परंतु कम संख्या में खुदे हुए गड्ढों को देख कर के सी डी ओ अक्षत वर्मा संतुष्ट नहीं हुए। सीडीओ ने वीडियो परसेंडी से नाराजगी जाहिर की, तो वीडियो परसेंडी ने सचिव ग्राम पंचायत रिखौना से कहा कि आपको अनेक बार कार्यालय में बताया गया है ।कि कैसे काम करना है । यदि आपको काम करना ना हो तो मुझे बता दे ऐसा कहते हुए नाराजगी जाहिर की। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव का नाम नोट करने की हिदायत दी। प्राथमिक विद्यालय रिखौना , द्वितीय की बाउंड्री वाल तथा उसमें आई सीलन को देखकर मुख्य विकास अधिकारी काफी नाराज दिखे। उन्होंने मौके पर ही वीडियो परसेंडी, ग्राम पंचायत रिखौना के सचिव तथा टी ए (तकनीकी सहायक)वीरेंद्र कुमार पांडे को

फटकार लगाते हुए तत्काल बाउंड्री बनाने हेतु निर्देश दिया। तथा प्राथमिक विद्यालय के प्लास्टर को उखाड़ कर पुनः प्लास्टर कराके रंगाई पुताई कराने का निर्देश दिया।तथा ग्राम पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक वीरेंद्र कुमार पांडे को मौके पर ही बाउंड्री हेतु ऑनलाइन विकास हेतु कागजी प्रक्रिया से अवगत कराया।

लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नें डाक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेन्ट को उनके सेवा कार्य के लिए सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णू सहाय जी ने अपने नये कार्यकाल के पहले दिन ही डाक्टर्स डे एवं सी .ए. डे के अवसर पर डाक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेन्ट को उनके सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया। जिसमें डा. अनिल कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल जौनपुर , डॉ. अंजू कन्नौजीया आशीर्वाद हॉस्पिटल डॉ. अभिषेक मिश्रा ध साई बाल चिकत्सालय वरिष्ठ चिकित्सकों को अंगवस्त्रम, बुके, एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जय किशन साहू ने कहा डॉक्टरों ने जिस मुस्तैदी से इस कारोना काल में अपनी भूमिका निभाई वह सराहनीय है। डा. अनिल कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल जौनपुर ने कहा कि हमारे हॉस्पीटल की पूरी टीम ने करोना काल मे बेहतर किया जिससे हम डॉक्टर को किसी भी काम मे कोई कठिनाई नही हूई जिसमे विशेष रूप से फर्मासीस्ट, वार्ड बॉयज, नर्सेस व सफाई कर्मी रहे। सी. ए. डे के अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए सतेन्द्र कुमार गुप्ता, सीए राकेश सिंह, सीए अमित गुप्ता को बुके, अंगवस्त्रम व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णू सहाय ने कहा कि हम लोगों का सारा हिसाब किताब अगर सीए नहीं होते तो कर पाना संभव नहीं होता। सीए ना हो तो कोई भी व्यापार

सुचारू रूप से नहीं चल सकता जिस प्रकार एकाउंटिंग जटिल होती जा रही है वहां सीए की आवश्यकता बहुत अहम है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष लायन अजीत सोनकर,लायन संजय जायसवाल, लायन संजय बैंकर , लायन कौशल त्रिपाठी, लायन मनीष मौर्या , लायन राजीव गुप्ता,लायन हाफिज शाह,लायन दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सचिव देव आनन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अब हम पार्क और शहर को पॉलिथीन मुक्त करेंगे – योगाचार्य के डी मिश्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एल डी ए के उपाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी आई ए एस द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क में पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत भारतीय आदर्श योग संस्थान के द्वारा सहयोग एवं कार्यक्रम में भाग लिया और यह शपथ ली कि अब हम पार्क और शहर को पॉलिथीन मुक्त करेंगे योगी सरकार के इस कार्य से बहुत खुश हैं और पूरा सहयोग हम सभी का रहेगा। भारतीय आदर्शों संस्थान की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण दत्त मिश्र के सानिध्य में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पॉलिथीन मुक्त अभियान में पूरे पार्क में उन चीजों को एकत्र कर बाहर फेंका तथा शपथ ली कि पूरे लखनऊ में पॉलिथीन मुक्त किया जाएगा साथ में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने शपथ दिलाई एवं आह्वान किया कि आप सभी अपने शहर को अपने पार्क को पॉलिथीन मुक्त करें और लोगों को भी जागृत करें।

दबंगों द्वारा हरे–भरे शीशम के पेड़ काटे जाने के मामले केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत इनायत नगर थाना क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग गांव में दबंगों द्वारा 100 शीशम के हरे भरे पेड़ों को बिना परमिट के काट कर गिरा दिए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित की शिकायतों के बाद आखिरकार अवैध कटान में संलिप्त कुमारगंज वन रेंज के बीट प्रभारी ने मामले में दर्जनों सहित गांव के ही अमरनाथ उर्फ शिवपूजन यादव के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत इनायत नगर थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया है। बताते चलें कि हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग गांव के पूरे टूड़ी निवासी श्याम बरन पुत्र छोटूराम ने इनायत नगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि वह गाटा संख्या 3179 का संक्रमणीय भूमिधर है और मौके पर काबिज एवं दखील है। जिसमें उसके पुराने डेढ़ सौ शीशम के हरे भरे पेड़ भी खड़े हैं। गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें उनके गांव के शिव पूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा चालाकी व बेईमानी से अपना चक उनके मूल गाटे पर बनवा दिया गया है। पीड़ित का आरोप था कि जानकारी के बाद उसने उपसंचालक चकबंदी न्यायालय में निगरानी भी दायर कर रखी है। गांव में कब्जा परिवर्तन का कार्य चकबंदी विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। जिसमें चकबंदी लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा बिना उनकी मौजूदगी के पैमाइश कर दी थी। इस बीच रात में चोरी से शिवपूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा 100 शीशम के पेड़ों को मशीन से कटवा कर गिरा दिया गया था। जानकारी पाकर जब वह मौके पर पहुंचा था तब उसने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी थी। पीआरबी पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही लकड़ी काट रहे लोग मौके पर ही लकड़ी छोड़कर भाग निकले। तब से वह मामले में कार्यवाही के लिए इनायत नगर थाने व हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी तथा वन विभाग कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। किंतु पुलिस और वन विभाग दोनों प्रकरण में कार्यवाही से कतरा रहे थे। मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस एवं वन विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद कुमारगंज वन रेंज में तैनात बीट प्रभारी फॉरेस्ट गार्ड दीपक शुक्ला इनायत नगर थाने पहुंचे और मामले में अमरनाथ उर्फ शिवपूजन यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी ग्राम विश्वनोहर कोतवाली बीकापुर सहित दो दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज करा दिया है। बिना परमिट के अवैध रूप से काटी गई शीशम की लकड़ी भी शिकायतकर्ता के सुपुर्द कर दी गई है।

जिलाधिकारी ने की आगामी त्योहारों के देखते हुए अधिकारियों के साथ बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आगामी कावड यात्रा/श्रावण झूला मेला–2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी विभागीय अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गयी। बैठक में मेलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा में काफी संख्या में श्रद्वालुओं के आने की संभावनाएं है इसको दृष्टिगत रखते हुये सभी विभाग अपने अपने विभागों की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके साथ ही सम्बंधित विभाग जैसे विद्युत विभाग सभी ट्रांसफार्मर व लटकते तारों को ठीक कराये, पंचायत विभाग सभी शौचालयों की साफ सफाई तथा कांवड़ यात्रा मार्गो पर नियमित झाडू लगाने की व्यवस्था, परिवाहन विभाग द्वारा श्रद्वालुओं के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था, विकास प्राधिकरण द्वारा प्रकाश आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। मेलाधिकारी ने बताया कि 31 जुलाई 2022 को मणि पर्वत मेला/झूलनोत्सव प्रारम्भ होगा। 02 अगस्त 2022 को नाग पंचमीध श्री लक्ष्मण मंदिर स्थान एवं दर्शन, 04 अगस्त 2022 को गोस्वामी तुलसीदास जयंती, 08 अगस्त 2022 को पुत्रदा एकादशी, 10 अगस्त को श्रवण मास की त्रयोदशी तथा 12 अगस्त को श्रवण पूर्णिमा पर्वो का आयोजन किया जायेगा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि कोरोना के दो वर्ष के पश्चात मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारी संख्या में श्रद्वालुओं के आने की संभावनाएं है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सरयू नदी में जल बेरीकेटिंग, यातायात, पार्किंग, बेरीकेटिंग आदि के पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किये जाये। बाहर से आने वाले फोर्स के लिए आवासीय व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि भीड़ नियंत्रण के दौरान श्रद्वालुओं से विनम्रता का व्यवहार किया जाय।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ प्रचार सहायक हुए सेवानिवृत्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ प्रचार सहायक अजय कुमार जायसवाल ने आज अपनी सेवाकाल की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत उनको मण्डलीय सूचना कार्यालय अयोध्या में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी मयंक तिवारी, प्रभारी अपर जिला सूचना अधिकारीध्लेखाधिकारी अवधेश कुमार जायसवाल एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों व सम्मानित पत्रकारों द्वारा भव्य विदाई दी गयी। अजय कुमार जायसवाल को सभी उपस्थित लोगों ने माला व अंग वस्त भेंट कर सम्मानित किया गया। उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने श्री जायसवाल को सेवानिवृत्त होने पर हिन्दू ग्रन्थ श्रीमद्भगवत गीता व श्रीराम चरित्र मानस भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य व बेहतर सेहत की शुभकामनाएं दी गयी। विदाई समारोह में सूचना विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साथ पत्रकार बन्धुओं ने भी अपने सम्बोधन में श्री जायसवाल की उपलब्धियां गिनाते हुये उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा अपेक्षा की कि सेवानिवृत्त के पश्चात भी उनका आर्शीवाद व सहयोग हम सभी को प्राप्त होता रहेगा। सेवानिवृत्त अजय कुमार जायसवाल ने भावुक होकर अपने उद्बोधन में कहा कि सभी के सहयोग व प्रेम से हमने सूचना विभाग में 38 वर्ष की सेवा की है। इसमें अधिकारियों व सहयोगियों का अहम भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि कैसे कैसे विभिन्न परिस्थितियों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका पूर्णता सहयोग किया है।

राम नगरी में ई–रिक्शा साढ़े चार हजार चार्जिंग स्टेशन एक भी नहीं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) परमिट से मुक्त किए जाने के बाद जिले में ई–रिक्शा की भरमार हो गई है अब इनके संचालन के लिए हल्के वाहन का लाइसेंस ही काफी है परिवहन विभाग में ई–रिक्शा संचालन के लिए अलग से लाइसेंस निर्धारण की व्यवस्था समाप्त हो गई है 18 वर्ष की उम्र वाला हर कोई हल्का मोटरयान ड्राइविंग लाइसेंस धारी ई रिक्शा चला सकता है पर्यावरण संरक्षण के लिए हादसे ई–रिक्शा मुफीद माना गया है लेकिन इसके संचालन रखरखाव की व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी जिले में 4520 ई–रिक्शा पंजीकृत है लेकिन संख्या कहीं अधिक है बड़ी संख्या में पंजीकरण के दीक्षा संचालित हो रहे हैं जो शहर से लेकर नगर तक मुख्य मार्गों पर 20 से 25 की गति से रेंगते मिल जाएंगे जिन्हें गलियों व संपर्क मार्ग पर चलने के लिए बनाया गया था वह सड़क पर सुगम यातायात में बाधा के रूप में जाने जा रहे हैं ई–रिक्शा जगह–जगह लगने वाले जाम के साथ ही दुर्घटना का कारण बन गए हैं अब इनका व्यवसायिक इस्तेमाल भी किया जाने लगा है सड़कों के किनारे ईद से अपने हिसाब से परिवर्तित कर तमाम दुकानें संचालित की जा रही हैं इसके अलावा इसका प्रयोग माल वाहन वाहन के रूप में भी हो रहा है 15 16 साल के किशोर ई रिक्शा चलाते दिख जाएंगे जिन्हें ना तो यातायात के नियमों का ज्ञान है और ना ही विभाग ने प्रशिक्षित कर रहा है अब बात आई चार्जिंग की पंजीकृत 4520 पर है लेकिन इनके चार्जिंग की कोई व्यवस्था शासन एवं प्रशासन के स्तर से नहीं बनाई जा सके इस्तेमाल व्यवसायिक वाहन के रूप में होता है लेकिन ई रिक्शा की बैटरी को घरेलू बिजली कनेक्शन से चार्ज किया जाता है जहां एक भी चार्जिंग स्टेशन एवं पॉइंट नहीं स्थापित है और ना ही इसके लिए कोई प्रयास किया जा रहा है अधिकतर ई–रिक्शा को रात में चोरी की बिजली से चार्ज किया जाता है जिले में ई रिक्शा संचालन के लिए अब तक रूट और पार्किंग का निर्धारण नहीं किया जा सका परिवहन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि या बिना परमिट से मुक्त कर दिया गया तो हम रूट कैसे निर्धारित कर सकते हैं पार्किंग और रूट का कार्य पुलिस कर सकती है वह सुगम यातायात व्यवस्था के लिए ई रिक्शा का रूट अपने हिसाब से निर्धारित कर सकती है और पार्किंग स्थल भी 2122 ई–रिक्शा 98 लाख का बकाया है परिवहन विभाग में पंजीकृत 2122 ई–रिक्शा का 98 दबाए बैठे हैं करके बकायदा शहर की सड़कों पर संचालित हो रहे हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूरी के अलावा कुछ नहीं कर सका है 12 ई रिक्शा पर कार्रवाई होती है पर चलने वाली तक खबर पहुंच जाती है और वह अपना रास्ता बदल देते हैं।

मण्डलायुक्त ने श्रम बन्धु के साथ की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मण्डलीय श्रम बन्धु की बैठक आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आहुत की गयी। बैठक में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम 1996 के अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों द्वारा कराए गए निर्माण स्थलों व अधिष्ठानों के पंजीयन पर, अधिनियम की व्यवस्थानुसार उपकर वसूली एवं सम्बन्धित विभागों द्वारा आनलाइन फीडिंग, लाभार्थी श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अन्तर्गत ई श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का पंजीकरण पर समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण बोर्ड की नियमित बैठके जिले एवं मण्डल स्तर पर अनिवार्य रूप से करायी जाय। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराकर सभी पात्र श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिया जाय। इसके साथ ही श्रमिकों के हित के लिए संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये श्रमिकों को लाभान्वित किया जाय।

34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में तैनात सेवानिवृत्त कर्मियो को कंपनी कमांडेंट आईपीएस डाक्टर मिश्र ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के श्कान्फ्रेंस हालश में 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मियो को कंपनी कमांडेंट आईपीएस डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने आयोजित विदाई समारोह में सम्मानित किया।इस मौके उन्होने पीसी विनय कुमार राय, पीसी सुनील कुमार राय,मुख्य आरक्षी बिजय बहादुर सिंह, निसार अहमद, नन्दलाल राम, मोती सिंह यादव, व ओ0पी0 श्री रामाश्रय यादव तथा अन्य जनपदध यू0पी0–112 में स्थानांतरित मुख्य आरक्षी अरुण त्रिपाठी, अजय सिंह, राजेश सिंह (गांधी) व आरक्षी कृष्ण बिहारी मिश्र, रणधीर कुमार राय को सम्मानित कर उनके स्वास्थ्य रहने की कामना की।इस मौके पर कंपनी कमांडेंट डा0 राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा पीएसी परिवार की तरफ से उक्त अधिकारीगण के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।इस भव्य विदाई समारोह में देवपाल,

शिविरपाल,रणजीत कुमार तिवारी, सूबेदार सैन्य सहायक एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।वही इस मौके पर विदाई समारोह का संचालन सूबेदार सैन्य सहायक रणजीत कुमार तिवारी द्वारा किया गया।उक्त भव्य विदाई समारोह के आयोजन हेतु समस्त अधिकारीध कर्मचारीगण द्वारा डा0 राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस. सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की सराहना करते हुए सहृदय आभार प्रकट किया गया।

कोतवाली नगर में तैनात रहे चालक के सेवानिवृत्त पर पुलिस अधिकारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के थाना कोतवाली नगर में तैनात रहे ड्राइवर नरसिंह यादव के सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में विदाई समारोह आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्मृति चिन्ह,शॉल आदि भेट कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनको भाव भीनी विदाई दी गयी।इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश,एसआई साधना सिंह,चौकी प्रभारी अलीगढ़

राजेश यादव के अलावा समस्त चौकी प्रभारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

महंगी दवाईयां लिखने वाले डॉक्टरों की अब खैर नहीं : सिर्फ जेनेरिक दवाइयां ही लिखने का आदेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश के डॉक्टर अब मरीजों को ब्रांडेड और महंगी दवाईयां नहीं लिख सकते। डॉक्टरों को सिर्फ जेनेरिक दवाईयां ही लिखने का आदेश है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सभी डॉक्टरों को ये आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक डॉक्टर अब दवा का नाम नहीं बल्कि सॉल्ट का नाम लिखेंगे। अगर कोई डॉक्टर महंगी दवाईयां लिखता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मंगलवार को यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग को सख्त हिदायत दी है कि कोई डॉक्टर ब्रांडेड दवाईयां पर्चे पर नहीं लिखेंगे। डॉक्टरों को जेनरिक दवाईयां ही लिखनी होगी और उनका सॉल्ट लिखना होगा। डिप्टी सीएम का आदेश मिलने के बाद अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा और स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सभी डॉक्टरों को आदेश जारी कर कहा है कि वो जेनेरिक दवाईयां ही लिखें। चिकित्सा विभाग द्वारा जारी आदेश में ये भी कहा गया है कि सभी सरकारी अस्पतालों को उपलब्ध दवाईयों की सूची देनी होगी। इसके अलावा ये भी कहा गया है कि डॉक्टर किसी भी कीमत पर मरीजों को बाहर से दवाएं नहीं लिखेंगे। आदेश में कहा गया है कि अगर अस्पताल में कोई दवा नहीं है तो डॉक्टर उस दवा के ब्रांड का नाम लिखने की बजाय उसका सॉल्ट लिखेंगे ताकि मरीज सरकारी अस्पताल के जन औषधि केंद्र पर जाकर सॉल्ट के मुताबिक जेनेरिक दवा खरीद सके। इस आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

नवनिर्मित ओवर ब्रिज के नीचे आवागमन बंद किए जाने के संबंध में मांगपत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय जनता पार्टी रुदौली नगर के पूर्व अध्यक्ष शतींद्र प्रकाश शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर रुदौली रेलवे क्रॉसिंग पर नवनिर्मित ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे विभाग द्वारा अपनी हिटलर शाही के चलते दीवाल खड़ी कर यात्रियों का स्टेशन पर आवागमन बंद किए जाने के संबंध में ध्यानाकर्षण कराते हुए तत्काल आवागमन सुचारू किए जाने की पुरजोर मांग की है।प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में पूर्व नगर अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ अयोध्या रेलखंड के मध्य उत्तर रेलवे का प्रसिद्ध व्यवसायिक व धार्मिक केंद्र का रुदौली रेलवे स्टेशन स्थित है इस स्टेशन से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है।रेलवे क्रॉसिंग पर वर्ष 2017 में रेल विभाग व राज्य सेतु निगम द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर 5 वर्ष की अवधि में 2022 में पूर्ण किया गया।इस अवधि में रेल विभाग द्वारा जन भावना के विरुद्ध रेल गेट को बंद कर आवागमन को बंद कर दिया गया था तब रेल अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया था कि निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर गेट का संचालन पूर्व की भांति जारी रखा जाएगा लेकिन ऐसा नहीं किया गया।रेल विभाग द्वारा नवनिर्मित ओवर ब्रिज के नीचे रुदौली नगर की ओर आवागमन बंद कर बहुत बड़ी दीवाल खड़ी की जा रही है जिससे स्टेशन पर पैदल जाने का भी रास्ता नहीं बचा हुआ है।रुदौली रेलवे स्टेशन नगर की आबादी के विपरीत उत्तर दिशा में बना हुआ है जबकि नगर की लाखों से अधिक जनसंख्या दक्षिण दिशा में बसती है रुदौली नगर से स्टेशन का एक मात्र आवागमन का विकल्प प्लेटफार्म नंबर 2 है जिसको रेल विभाग ने 5 वर्षों से खुदाई कर रखा है वर्तमान में स्टेशन जाने का नगर से कोई रास्ता नहीं है।बरसात में जलभराव व कीचड़ हो जाता है।ओवर ब्रिज के ऊपर से घूम कर जाने के लिए लगभग 1 किलो मीटर स्टेशन की दूरी बढ़ जाएगी।भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि रुदौली क्षेत्र के लाखो लोगो की परेशानियों को दृष्टिगत ओवर ब्रिज के नीचे हो रहे दीवाल के निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोके जाने व पूर्व की भांति नीचे से आवागमन जारी रखने व प्लेटफार्म नंबर 2 से रुदौली क्षेत्र वासियों का समुचित रूप से आवागमन सुचारू रखने का आदेश जनहित में दिए जाने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद रुदौली वासियों का रेलवे स्टेशन पर आवागमन प्लेटफार्म नंबर दो से हो रहा है।काफी समय से प्लेटफार्म 2 की खुदाई के चलते स्टेशन पहुंच पाना बहुत टेडी खीर हो गई है।बरसात के कारण जलभराव भी हो गया है इसलिए रुदौली रेलवे स्टेशन पर नगर वासियों के लिए जाना ओवर ब्रिज पार कर लगभग 1 किमी घूमकर जाना ही विकल्प रह गया है।ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद रेल विभाग द्वारा अपनी हिटलर शाही नीति के कारण दोनो ओर ऊंची दीवाल बना देने से पैदल भी स्टेशन जाना संभव नहीं है।यहां रेल द्वारा पुराने गेट को बंद कर दिया गया है जबकि यहां से मात्र 5 किमी दूर रोजा गांव क्रासिंग पर दोनो ओर गेट का परिचालन अभी भी हो रहा है।बाराबंकी में भी देवा क्रासिंग पर पूर्व में बने ओवर ब्रिज के नीचे दोनो ओर गेट का संचालन ब लोगों का आवागमन हो रहा है लेकिन रुदौली वासियों के साथ रेल विभाग अन्याय कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का होगा समायोजन : खेल विभाग की पहल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का अपने विभाग में समायोजन करना खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रसन्न करना है खेल विभाग की इस नई पहल का खिलाड़ियों ने स्वागत किया साथ ही इस पर सवालिया निशान भी खड़ा कर दिया है खेल निदेशालय से जारी सूचना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से संचालित शासकीय खेल छात्रावास में मानदेय पर बतौर प्रशिक्षक नियुक्त किया जाता है इसके लिए विभाग अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से आवेदन भी मांगा है बात यह है कि अभी तक संविदा पर रखे जाने वाले शिक्षकों को मानदेय अधिकतम लगभग ध्25000 प्रतिमाह दिया जाता है जबकि छात्रावासों में रखे जाने वाले मानदेय शिक्षकों को जो भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे उन्हें लगभग डेढ़ लाख प्रतिमाह दिया जाएगा खिलाड़ियों का कहना है कि ऐसे में विसंगतियों का उत्पन्न होना स्वाभाविक है दूसरी ओर जहां तक खेल छात्रावास में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की बात है तो 24 छात्रावासों को छोड़ दिया जाए अधिकांश छात्रावासों में विभाग के क्रीडा अधिकारी का कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ खिलाड़ियों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का खेल छात्रावास में प्रशिक्षण के लिए भले ही कम हो जाएगा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के सवालिया निशान लगा रहेगा अधिकारी मोहम्मद इरफान का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल छात्रावास में रखे जाने के लिए आगे जो भी निर्गत होता है उसका पालन किया जाता है।

कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान : 88 वाहनों का किया चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के निर्देश पर कोतवाल रुदौली के नेतृत्व में पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया सचेकिंग अभियान की शुरुआत होते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया लोग इधर–उधर भागते नजर आए। प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि जिनके पास आरसी,बीमा,ड्राइविंग लाइसेंस,हाई सिक्योरटी नम्बर प्लेट तथा हेलमेट नही थे ऐसे 88 दो पहिया वाहनों का चालान किया गया और अब नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाएगा वही दो पहिया वाहन चालकों से उन्होंने अपील की कि वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट सहित वाहन के समस्त कागजात अपने साथ रखें इसके अलावा अपने वाहनों में हाई सिक्योरटी वाली नम्बर प्लेट अपने वाहन में अवश्य लगायें ऐसा न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

किसानों को अनुदान पर मिलेगा सोलर पम्प

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) के अंतर्गत जिले के 211 किसानों को सोलर पंप स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 1 जुलाई से ऑनलाइन बुकिंग करते हुए टोकन जनरेट करना होगा यह योजना पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों का चयन किया जाएगा जिस पर किसानों को 60% अनुदान दिया जाएगा। खेती किसानी में किसानों की लागत कम कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए कृषि विभाग विभिन्न योजनाएं संचालित करता रहता है । लक्ष्य मिलने के बाद विभाग 1 जुलाई को 11रू00 बजे विभागीय वेबसाइट नचंहतपबनसजनतम, बवउ पर ऑनलाइन बुकिंग करते हुए जनरेट करने की अपील की है। योजना के तहत निर्धारित समय अवधि में टोकन जनरेट होने के बाद पहले आओ पहले पाओ नियम के तहत किसानों का चयन किया जाएगा चयनित किसानों को सोलर पंप स्थापना पर 40: का भुगतान करना होगा जबकि शेष साल 60: राष्ट्र का अनुदान मिलेगा। बोरिंग कराना अनिवार्य, सोलर पंप का लाभ लेने के लिए किसानों को बोरिंग कराना अनिवार्य । उपनिदेशक कृषि डॉ एस के त्रिपाठी के अनुसार सोलर पंप स्थापना का अनुदान लेने के लिए किसान को विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है ऐसे किसान जो विभाग से बीज व खाद अनुदान लेते ले रहे या किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हो उन्हें इस योजना का लाभ मिल सकेगा। किसान 1 जुलाई से पहले अपना पंजीकरण करा सकते हैं योजना की बुकिंग व टोकन जेनरेट करते समय पंजीकरण नंबर की आवश्यकता होगी।

कन्हैया लाल के हत्यारों को चौराहे पर सरेआम फांसी दो – हिन्दू महासभा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल की जेहादियों द्वारा नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है । हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने इस हत्या को मानवता के नाम पर कलंक बताते हुए दोनों जेहादियों रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद को सरेआम चौराहे पर फांसी पर लटकाने की मांग की है। श्री मिश्र ने कहा कि जेहादियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने का वीडियो जारी कर देश को खुली चुनौती देने का दुस्साहस किया है । उन्होंने हत्यारे जेहादियों के तार भारत के शत्रु देशों से जुड़े होने की आशंका व्यक्त करते हुए भारत सरकार से जेहादियों के विरुद्ध कठोर कानून बनाने की मांग की है । श्री मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार चीन ने जेहादियों के खिलाफ कठोर नीति अपनाकर जेहादियों को उनके बिलों में दुबकने और त्राहिमाम करने पर विवश कर दिया है , उसी प्रकार भारत सरकार से चीन के समान कठोर नीति बनाकर भारत भूमि को जेहादियों से मुक्त करवाने पर विचार करना चाहिए। हिन्दू महासभा के जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने राजस्थान में कांग्रेस शासन में कानून व्यवस्था की उड़ती धज्जियाँ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जेहादियों को संरक्षण देकर उनके हिन्दू विरोधी मंसूबों को परवान चढ़ा रही है । कांग्रेस शासन में राजस्थान हिन्दू विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है । यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कुछ वर्षों में ही राजस्थान भी कश्मीर के समान हिन्दू विहीन हो जाएगा । जारी बयान में यह जानकारी देते हुए हिन्दू महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने राष्ट्रपति से राजस्थान सरकार को भंग कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय में हुआ विदाई समारोह कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एंड चिट्स मंडल अयोध्या के कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत रहे मनोज कुमार और ऑपरेटर पद पर कार्यरत रहे देवेंद्र शर्मा का सेवाकाल पूरा होने पर गुरुवार को कार्यालय में आयोजित हुए विदाई समारोह के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने दोनों कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उन्हें उपहार देकर दोनों के दीर्घायु होने और उज्जवल भविष्य की कामना की है। सेवानिवृत्त हुए दोनों कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के सुनहरे पलों को याद करते हुए विभाग में दिए गए अपने कार्यकाल के बारे में जानकारी दी।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।